# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## :– कार्यालय आदेश –:

इस कार्यालय के द्वारा जारी आदेश शिविरा / माध्य / संस्था / सी–5 / डीपीसी /अर्थशास्त्र,भूगोल व अन्य विषय/2020–21/(भूगोल)1–412 दिनांक 02.02.2021 के अनुसार राजेन्द्र कुमार का वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता भूगोल पद पर डीपीसी द्वारा पदस्थापन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर, जालोर किया गया था, जहां राजेन्द्र कुमार द्वारा 03.02.2021 को कार्यग्रहण किया गया।

राजेन्द्र कुमार व्याख्याता भूगोल, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर, जालोर ने अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पूर्व पद वरिष्ठ अध्यापक के पद पर पदस्थापन करने की मांग की है राजेन्द्र कुमार, पूर्व कार्यरत पद वरिष्ठ अध्यापक के पद पर पदाधिकार (लियन) नियमानुसार रखते है। अतः इनके आवेदन पत्र द्वारा पूर्व पद वरिष्ठ अध्यापक के पद पर पदस्थापित करने संबंधी मांग स्वीकार की जाकर इन्हे व्याख्याता भूगोल के पद से रिवर्ट करते हुए पूर्व स्थाई पद वरिष्ठ अध्यापक के पद पर पदस्थापित करने हेतु संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, पाली को सुपूर्द किया जाता है।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/माध्य/संस्था/सी–5/डीपीसी/अर्थशास्त्र, भूगोल व अन्य विषय/2020–21 दिनांकः– 14/09/21

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, पाली।
2. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) मा.शि./संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
4. संबंधित संस्था प्रधान........................../संबंधित कार्मिक.............................................।
5. अनुभाग अधिकारी ओएसी/वरिष्ठता अनुभाग को प्रति प्रेषित कर लेख है कि कार्मिक राजेन्द्र कुमार व्याख्याता भूगोल स्थाई वरिष्ठता सूची 2468 व वरिष्ठता अवधि 2012–13 को वरिष्ठता विलोपन की कार्यवाही की जानी सुनिश्चित करें।
6. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department